<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 30.06.2026 समय : 02.10PM

<u>पीएम- संस्कृत सुभाषितम</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि जब मन के संकल्प, विचार और भावनाएँ एकरूप हो जाती हैं, तो हर प्रयास सफल होता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने नागरिकों से एकता के साथ आगे बढ़ने और भारतवर्ष के सभी लक्ष्यों को मिलकर प्राप्त करने का आग्रह किया।

<u>राष्ट्रपति - आंधप्रदेश दौरा</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से आंध्र प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज विजयनगरम पहुंचकर केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद कल वे अनंतपुरम जाएंगी, जहां आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित होगा।

<u>सीएम - राजगढ़ विकास कार्य</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजगढ़ जिले के सारंगपुर स्थित भैंसवामाता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और जिले के 352 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल और सांसद रोडमल नागर भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री दूध तलैया में गंगा पूजन, गौ-पूजन एवं पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। साथ ही प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का आज समापन हो रहा है, जिसमें अभियान के तहत साढ़े तीन लाख से अधिक जल संरक्षण कार्य पूरे किए गए हैं। जिला स्तरीय समारोहों में सांसदगण मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे और उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

महर्षि पाणिनि संस्कृत- दीक्षांत समारोह उज्जैन स्थित महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह आज कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की। समारोह में विश्वविद्यालय के 63 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी पदक प्रदान किए गए। साथ ही स्वामी

गोविंददेव गिरि महाराज और प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय को विश्वविद्यालय की मानद डी.लिट्. उपाधि से सम्मानित किया गया।

श्रमिक परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति

श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों को स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च और व्यावसायिक शिक्षा तक वित्तीय सहायता दी जाएगी। पात्र विद्यार्थी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर 31 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत विद्यार्थियों को कक्षा के अनुसार एक हजार रुपये से लेकर पच्चीस हजार रुपये तक वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है।

जनजातीय शिष्यवृत्ति बढ़ाई

प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग ने वर्ष 2026-27 में छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरों में वृद्धि करने का फैसला किया है। नई व्यवस्था के तहत अब शिष्यवृत्ति की दरें हर साल मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तय होंगी और जुलाई में छात्रावास-आश्रम शुरू होने से लागू होंगी। नई दरों के अनुसार छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बालक विद्यार्थियों को 1,720 रुपये प्रतिमाह तथा बालिका विद्यार्थियों को 1,770 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति दी जाएगी।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून धीरे-धीरे सक्रिय हो रहा है। आज प्रदेश के 50 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 2 जुलाई से एक नया मौसम तंत्र सक्रिय होगा, जिससे भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। वहीं ग्वालियर, भिंड, मुरैना सहित कुछ जिलों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- झाबुआ कलेक्टर के निर्देशन में रोजगार मेले का आयोजन 1 जुलाई को शासकीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय में होगा।

- कटनी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत कल ईव्हीएम वेयर हाउस , स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया।
- सेफ क्लिक अभियान के तहत आगरमालवा जिले के कल छटवें दिन जिला पुलिस द्वारा बैकों एवं कामन सर्विस सेंटरों में व्यापक साईबर जनजागरूकता अभियान चलाया गया।
- शिवपुरी जिले में सहकारिता जागरूकता एवं संकल्प सप्ताह का शुभारंभ कल जिला सहकारी संघ कार्यालय में आयोजित हुआ।
- खंडवा वन मंडल की गुड़ी रेंज के ग्राम आमाखुजरी में वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने लगभग 105 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली है।

------------------------------